पर्व | सूर्यदेव हुए उत्तरायण, दो दिन तक मनेगा संक्रांति उत्सव, अमरकंटक सहित जिले के मंदिरों में किया गया विशेष पूजन, जगह-जगह लगा मेला

# मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने नर्मदा में लगाई आस्था की डुबकी





**अनूपपुर नवभारत 14 जनवरी। जब सूर्य धनु से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तब मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष 14 जनवरी को मकर संक्रांति मनाई जा रही है। वहीं नई फसल की कटाई तथा सूर्यदेव के दक्षिणायन से उत्तरायण की पौराणिक मान्यताओं में मकर संक्रांति का पावन पर्व पूरे श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ हुआ।**

जिले की पवित्र नगरी अमरकंटक के नर्मदा सहित जिला मुख्यालय के सोन-तिपान नदी संगम पर श्रद्धालुओं ने नदियों में आस्था की डुबकी लगाई, जबकि राजेन्द्रग्राम, कोतमा, जैतहरी, राजनगर, बिजुरी सहित अन्य क्षेत्रों से गुजरती नर्मदा, सोन, जुहिला, तिपान, केवई सहित अन्य नदियों के नदीघाटों पर लोगों ने स्नानकर इष्टदेवों की विशेष पूजा अर्चना की।

### जरूरतमंदों को दान करने से पितरों की कृपा बनी रहती हैं

मकर संक्रांत के अवसर पर जिले के अनेक स्थानों पर मेले का भी आयोजन किया गया है। दोपहर तक हजारों श्रद्धालु अमरकंटक पहुंच कर नर्मदा में डुबकी लगा चुके हैं। शाम तक अमरकंटक में नर्मदा उद्गम में लगभग एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी लगा चुके हैं। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान और जरूरतमंदों को दान करने से साधक के भाग्य में वृद्धि होती हैं, साथ ही वंशों पर पितरों की कृपा बनी रहती हैं।

### इसे उत्तरायण पर्व भी कहते हैं

ज्योतिष गणना के अनुसार मकर संक्रांति पर सूर्यदेव दक्षिणायन से उत्तरायण होते हैं, जिस कारण से इसे उत्तरायण पर्व भी कहते हैं। यह दिन सूर्य उपासना के लिए उत्तम माना गया है। कहते हैं कि यदि सच्चे भाव से मकर संक्रांति पर सूर्यदेव को जल अर्पित किया जाए, तो जातक की कुंडली में उनकी स्थिति मजबूत होती है। देश में मकर संक्रांति को नई फसल और खिचड़ी का पर्व भी कहते हैं, इस तिथि पर खिचड़ी बनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है, हालांकि कुछ राज्यों में इसे तिल संक्रांति के नाम से भी जाना जाता है।

### शुभ कार्यों की होती है शुरुआत

एक ऐसी भी मान्यता है कि इसी त्यौहार पर सूर्य देव अपने पुत्र शनि से मिलने के लिए आते हैं. सूर्य और शनि का सम्बन्ध इस पर्व से होने के कारण यह काफी महत्वपूर्ण हो जाता है। आम तौर पर शुक्र का उदय भी लगभग इसी समय होता है, इसलिए यहां से शुभ कार्यों की शुरुआत होती है। पर्व की पौराणिक निर्धारित तिथि की महत्ता में मकरसंक्रांत हर्षोउल्लास के साथ शुभारम्भ हुआ।

### उपासना एवं आराधना का पावन व्रत

पुराणों के अनुसार मकर संक्राति का पर्व ब्रह्मा, विष्णु, महेश, गणेश सहित आदि शक्ति और सूर्य की उपासना एवं आराधना का पावन व्रत माना जाता है। संत महर्षियों के अनुसार इनके प्रभाव से प्राणी की आत्मा शुद्ध होती है, संकल्प शक्ति बढ़ती है, ज्ञान का विकास होता है। मकर संक्रंति इसी चेतना को विकसित करने वाला पर्व है। यह सम्पूर्ण भारतवर्ष में किसी न किसी रूप में आयोजित होता है।

### फडापेन महापूजन समारोह आयोजित किया गया

गोंगपा के सम्मेलन में गोंडी, धर्म, सांस्कृतिक, साहित्य सम्मेलन एवं फडापेन महापूजन समारोह आयोजित किए गए। इसमें 13 जनवरी को युवा सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जनचेतना 14 जनवरी को गोंडी धर्म संसद, मातृ सम्मान, मातृ शक्ति महासम्मेलन, शोभायात्रा तथा 15 जनवरी को माई दर्शन और परिक्रमा जैसे कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। इस दौरान हजारों की तादाद में प्रदेश सहित अन्य 10-12 प्रदेशों से आदिवासी परिवार सम्मेलन में पहुंचे।

### भागीरथ ने अपने पूर्वजों का इसी दिन तर्पण किया था

अन्य मान्यताओं में गंगा को धरती पर लाने वाले महाराज भागीरथ ने अपने पूर्वजों का इसी दिन तर्पण किया था। उनका तर्पण स्वीकार करने के बाद इस दिन गंगा समुद्र में मिली थी। इसलिए मकर संक्रांति पर गंगा-सागर में मेला लगता है। जिले मुख्यालय से सटे ग्राम सीतापुर के साथ बरगवां में भी मेला सज चुका हैं। लोग सुबह से ही दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर बरगवां में पहुंचकर पूजा अर्चना कर रहे हैं, साथ ही तिल-चावल, गुड़ सहित अन्य सामग्रियों का दान किया।

### पर्यटक पुलिस चौकी को चौकसी बढ़ाने की दी हिदायत

अमरकंटक में विशेष सुरक्षाबलों को तैनात कर पर्यटक पुलिस चौकी को चौकसी बढ़ाने की हिदायत दी गई है, जबकि मुख्यलाय स्थित सोन-तिपान नदी संगम घाट पर आयोजित होने वाले मेले के लिए दर्जनभर जवानों को तैनात किया गया है।

### अमरकंटक में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

संक्रांति पर्व पर जिले की पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में मकर संक्रांति पर दूरस्थ अंचलों से आए भक्त श्रद्धालुओं तीर्थ यात्रियों ने पावन सलिल मां नर्मदा के कोटि तीर्थ घाट, गांधी कुंड, रामघाट, पुष्कर बांध के उत्तर एवं दक्षिण तट के घाट,अरंडी संगम के दोनों तटों पर डुबकी कर दर्शन कर पूजा अर्चन दर्शन किया। इस दौरान तीर्थ यात्रियों ने गरीब असहाय जनों को अनाज तथा तिल की बनी वस्तु का दान किया तथा कई तीर्थ यात्रियों ने खिचड़ी गरीबों को वितरित की। कुछ लोगों ने वस्त्र कंबल वितरित किए।



### गोंगपा सम्मेलन में शामिल हुए श्रद्धालु

संक्रांति पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी अमरकंटक में 30 वर्षो से लगातार सम्मेलन आयोजित कर रहीं हैं। अखिल गोंगपा सम्मेलन 13 जनवरी से आरम्भ हुआ, जो 15 जनवरी को समाप्त होगा। गोंडवाना समाज के लोगों के द्वारा नवोदय विद्यालय के समीप बने स्थान से 14 जनवरी को विशाल रैली जुलूस गाजे बाजे के साथ अपने पारंपरिक अस्त्र-शास्त्र विशिष्ट परिधान धारण करते हुए नगर के मुख्य मार्गों से जय घोष नारे लगाते हुए नाचते गाते झूमते महिला पुरुष भारी तादाद में शामिल होकर निकले।

---

**एक नजर में**

## चटुआ में तेंदुए ने किया गाय का शिकार



**अनूपपुर नवभारत 14 जनवरी।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में लगातार वन्यप्राणी पालतू जानवरों को शिकार बना रहे हैं। एक सप्ताह में यह दूसरा मामला सामने आया हैं, जहां तेंदुआ ने गाय का शिकार किया है। वन परिक्षेत्र अनूपपुर अंतर्गत चटुआ गांव के जंगल में बुधवार की सुबह एक गाय पर हिंसक तेंदुआ द्वारा हमला कर गाय को मारने के बाद खा जाने की घटना की सूचना पर वन विभाग के दल ने मौके पर पहुंचकर जांच की। वन परिक्षेत्र अनूपपुर अंतर्गत भोलगढ़ बीट के ग्राम पंचायत मझगवा के चटुआ गांव से लगे जंगल में बुधवार की सुबह एक तेंदुआ द्वारा चटुआ गांव निवासी इंद्रभान सिंह गोंड की गाय का शिकार किया। इसकी सूचना पशु मालिक द्वारा दिए जाने पर वन विभाग के कर्मचारी घटनास्थल पर पंचनामा एवं अन्य कार्यवाही की।

### चोई वन क्षेत्र से लगे गांवों में तेंदुआ कर रहा विचरण

एक अन्य तेंदुआ वन परिक्षेत्र जैतहरी के क्योटार के रोहिलाकछार एवं पड़रिया पंचायत के चोई वन क्षेत्र से लगे गांव टोला, मोहल्ला में निरंतर चार दिनों से विचरण कर एक मवेशी पर हमला कर घायल करने एवं निरंतर विचरण करने से ग्रामीण चिंतित तथा भयभीत हैं। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को वन्यप्राणियों के विचरण की संभावना को देखते हुए किसी भी परिस्थिति में जंगल नहीं जाने एवं मवेशियों को जंगल नहीं ले जाने की सलाह दी है।



## विद्यार्थियों के ज्ञान को सशक्त बनाए : सीईओ

**अनूपपुर नवभारत 14 जनवरी।** जिले के सभी प्राथमिक शालाओं में कक्षा एक से तीन के बच्चों हेतु बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) के तहत किए गए कार्यों की बुधवार को जिला पंचायत सभागार में समीक्षा करते हुए जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने कक्षा 1 से 3 तक के सभी विद्यार्थियों का सामान्य ज्ञान तथा बुनियादी साक्षरता को मजबूत करने के सशक्त प्रयास किए जाने की बात कहीं। बैठक में सर्व शिक्षा अभियान की डीपीसी, बीआरसीसी,एपीसी तथा जन शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक में सीडब्लूएसएन विद्यार्थियों के चिन्हांकन,स्कूल भवनों के छोटे मरम्मत कार्यों को कराए जाने, शिक्षकों व विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, स्कूलो में विद्युतीकरण कार्य, स्कूलों में स्वच्छ जल की उपलब्धता, हैंड वॉश यूनिट के क्रियान्वयन, ड्रॉपबॉक्स के बच्चों का चिन्हांकन आदि विषयों की विस्तृत समीक्षा कर जन शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए।

## स्वच्छता साथियों को वितरित की किट

अनूपपुर नवभारत 14 जनवरी। वॉश ऑन व्हील कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत दलसागर में आयोजित एक कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता साथियों को स्वच्छता किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी, जिला पंचायत सदस्य भारती केवट, जनपद अध्यक्ष श्रीमती धनमती सिंह, जनपद सदस्य राधा सिंह, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, बीसी एसबीएम, ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव,और ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

कार्यक्रम में स्वच्छता किट का वितरण कर स्वच्छता साथियों के साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया उन्हें स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया गया। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है और हमें इसे अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

---



## सुरक्षित पर्यावरण का लिया गया संकल्प

**मिशन लाइफ विषय पर वॉल पेंटिंग जागरूकता अभियान आयोजित**

**कोतमा नवभारत 14 जनवरी।** शासकीय महाराजा मार्तण्ड महाविद्यालय के इको क्लब के तत्वावधान में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मिशन लाइफ पर्यावरण के लिए जीवनशैली विषय पर संदेशों एवं चित्रों द्वारा वॉल पेंटिंग के माध्यम से जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

इस अभियान में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण, ऊर्जा बचत एवं पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली से संबंधित प्रेरणादायक संदेशों एवं प्रभावशाली चित्रों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का सराहनीय प्रयास किया गया।

### पर्यावरण संरक्षण जीवनशैली का अंग होना चाहिए : डॉ. शर्मा

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं इको क्लब प्रभारी डॉ. गिरेन्द्र शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह हमारी दैनिक जीवनशैली का अभिन्न अंग होना चाहिए। उन्होंने मिशन लाइफ पर्यावरण के लिए जीवनशैली की अवधारणा को अपनाने पर बल दिया। इस दौरान सभी ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ एवं हरित परिसर निर्माण तथा भावी पीढ़ी के लिए सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में महाविद्यालय के इको क्लब के स्टाफ सदस्यों में कृति मरावी, डॉ. प्रवीण कुमार यादव एवं डॉ. राजकुमार रविदास की उपस्थिति रही। साथ ही इको क्लब के सक्रिय विद्यार्थियों सूरज पनिका, रितेश चौरसिया, कन्हैया केशरवानी सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी सक्रिय सहभागिता की।



## पकरिहा, वार्ड 2, 9 व 11 की टीमें जीतीं

**मंत्री प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता**

**कोतमा नवभारत 14 जनवरी।** मंडल कोतमा के तत्वावधान में आयोजित मंत्री प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन के मुकाबले रोमांचक रहे। मैदान पर खिलाड़ियों के चौकों-छक्कों के साथ बाउंड्री के बाहर दर्शकों के बीच भी कैच पकड़ने की होड़ मची रही। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन और प्रशंसकों के उत्साह ने खेल के रोमांच को दोगुना कर दिया। तीसरे दिन के मुकाबलों में पहला मैच पकरिहा और पैरीचुआ के बीच खेला गया, जिसमें पकरिहा ने शानदार खेल दिखाते हुए जीत दर्ज की। दूसरे मैच वार्ड 2 और वार्ड 12 के बीच हुआ, जिसमें वार्ड 2 विजयी रही। तीसरा मैच वार्ड 9 और वार्ड 3 के बीच खेला गया, जिसे वार्ड 9 ने अपने नाम किया। चौथा मैच वार्ड 08 और वार्ड 11 के बीच खेला गया, जिसमें वार्ड 11 ने जीत हासिल की।

### ये रहे मैन ऑफ द मैच

शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी के दम पर इन खिलाड़ियों ने अपनी टीम को जीत दिलाई और 'मैन ऑफ द मैच' बने। इनमें अंकित (पकरिहा), उज्जवल (वार्ड 2), शारिख (वार्ड 9), साजन (वार्ड 11) शामिल है।

### दर्शकों पर हुई इनामों की बौछार

इस टूर्नामेंट की खास बात यह रही कि खिलाड़ियों के साथ दर्शकों के लिए भी विशेष पुरस्कार रखे गये। बाउंड्री लाइन के बाहर कैच पकड़ने वाले दर्शकों के लिए 200 रुपये का नकद पुरस्कार घोषित किया गया था, जिसे कई मुस्तैद दर्शकों ने कैच लपककर अपने नाम किया। इसके अलावा, विभिन्न टीमों के प्रशंसकों ने अपने पसंदीदा खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन पर व्यक्तिगत रूप से कई इनामी घोषणाएं भी कीं, जिससे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा।

---

## प्रभारी प्राचार्य व 2 शिक्षकों को नोटिस जारी

**जिपं सीईओ ने किया स्कूल का औचक निरीक्षण**

**अनूपपुर जनपद के ग्राम पंचायत दारसागर, शिकारपुर, बाड़ीखार,खोडरी नंबर दो, ऊरा के कार्यों का निरीक्षण**



**अनूपपुर।** मध्यच प्रदेश के अनूपपुर जिले की जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी बुधवार को जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत दारसागर, शिकारपुर, बाड़ीखार, खोडरी नंबर दो एंव ऊरा के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सर्व शिक्षा अभियान, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों का जायजा लिया तथा जिला पंचायत सीईओ ग्राम पंचायत दारसागर एवं खोडरी नंबर दो में सेक्टर बैठक में शामिल हुई। सेक्टर बैठक में ग्राम पंचायत पिपरहा के सचिव के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एक दिवस का अवैतनिक किए जाने के निर्देश दिए। इसी तरह स्कूल के निरीक्षण में लापरवाही मिलने पर प्रभारी प्राचार्य सहित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पेयजल की शुद्धता की जांच के निर्देश

जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत दारसागर में कृषि सिंचाई, सड़क, पेयजल कार्यों का जायजा लिया तथा पेयजल की शुद्धता के लिए समय-समय पर जांच करने के निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत दारसागर में सेक्टर बैठक में मनरेगा, आवास, स्वच्छ भारत मिशन, पंचायत निधि के कार्यों की समीक्षा की तथा उपयांत्रियों को समय पर मूल्यांकन करने तथा श्रमिक नियोजन, आधार ई केवाईसी के संबंध में निर्देश दिए। ग्राम पंचायत पोडी तथा भाद को कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

### आंगनबाड़ी में सुधार करने के दिए निर्देश

ग्राम पंचायत बाड़ीखार अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय में एफएलएन कार्य का जिला पंचायत सीईओ ने निरीक्षण करते हुए बच्चों के साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को बढ़ाने के लिए और सार्थक प्रयास करने की आवश्यकता व्यक्त की उन्होंने आंगनबाड़ी का निरीक्षण करते हुए अमले को कार्यों में सुधार करने के निर्देश दिए।

### संकल्प से समाधान अभियान 31 मार्च तक चलेगा

**अनूपपुर।** सुशासन और विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य को साकार करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस से प्रारंभ हो गया है। यह अभियान 31 मार्च तक पूरे प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में चार चरणों में संचालित किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार एवं राज्य शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं तथा सेवाओं को समयबद्ध और प्रभावी तरीके से पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना है। संकल्प से समाधान अभियान के प्रथम चरण (12 जनवरी से 15 फरवरी) में ग्राम पंचायत, नगरीय वार्ड स्तर पर समितियां गठित कर घर-घर जाकर या शिविरों के माध्यम से आवेदन और शिकायतें एकत्र की जाएंगी।

### कलेक्टर ने घोषित किए जिले में स्थानीय अवकाश

अनूपपुर नवभारत। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग दो के अनुक्रमांक-4 के द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिले के लिए कैलेंडर वर्ष 2026 हेतु स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

---

आरोप | पति पर केस दर्ज, अन्य नामजद आरोपियों पर नहीं हुई कार्यवाही

## दहेज प्रताड़ना के मामले में एकतरफा कारर्वाई का आरोप

**अनूपपुर नवभारत 14 जनवरी।** रामनगर थाना रामनगर क्षेत्र में दर्ज दहेज प्रताड़ना के एक मामले में पुलिस की कार्यवाही पर सवाल उठने लगे हैं। पीड़िता प्रतिमा वर्मा ने आरोप लगाया है कि उसकी लिखित शिकायत एवं एफआईआर की प्रति में पति श्यामसुंदर वर्मा के साथ परिवार के अन्य सदस्यों के नाम स्पष्ट रूप से दर्ज होने के बावजूद पुलिस ने केवल पति के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज किया, जबकि अन्य नामजद आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता के अनुसार, उसके आवेदन में ससुर भुनलाल वर्मा, सास श्यामवती वर्मा, ननद जानकी वर्मा, जीजा गोरालाल वर्मा तथा देवर अशोक वर्मा के नाम स्पष्ट रूप से लिखित में दर्ज हैं।



### दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने का आरोप

प्रतिमा वर्मा का आरोप है कि इन सभी ने मिलकर दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया, लेकिन पुलिस ने इनके विरुद्ध कोई प्रकरण पंजीबद्ध नहीं किया। एफआईआर की प्रति के अनुसार पुलिस ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम में केवल पति श्यामसुंदर वर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़िता का कहना है कि कई बार थाने के चक्कर लगाने के बाद जाकर पति पर केस दर्ज हुआ, जबकि अन्य आरोपियों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### पीड़िता को घर से निकाला

पीड़िता के आवेदन में दहेज की मांग का भी स्पष्ट उल्लेख किया गया है। शिकायत के अनुसार विवाह के बाद ससुराल पक्ष द्वारा एक मोटरसाईकिल, सोने की चेन, अन्य सोने-चांदी के आभूषण तथा दो लाख रुपये नकद की लगातार मांग की जा रही थी। दहेज पूरा नहीं होने पर प्रतिमा वर्मा के साथ मारपीट, मानसिक उत्पीड़न किया गया और अंततः उसे घर से निकाल दिया गया।

**स्थान परिवर्तन सूचना**

दिनांक 27/12/25 को नव भारत अखबार में अनुविभागीय अधिकारी-राजस्व-कोतमा कार्यालय द्वारा अनूपपुर थर्मल एनर्जी (म.प्र.) प्राइवेट लिमिटेड के रेलवे कोरिडोर के लिये लोक सुनवाई के लिये छपी अधिसूचना में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है, जहां पर पूर्व स्थान के स्थान पर नया स्थान (परिवर्तित स्थान) निम्नानुसार है।
लोक सुनवाई दिनांक:- 16/01/2026
समय: -दिन 11:00 बजे से 2:00 बजे तक
स्थान:- हाईस्कूल बैहटोला, ग्राम-बैहटोला, तहसील-कोतमा, जिला अनूपपुर
शेष अधिसूचना पूर्वानुसार रहेगी।
नवभारत:- 27/12/25